संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व

महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, घड़ी चौक के पास, सिविल लाइन

रायपुर–492001, छत्तीसगढ

Phone No.: 0771-2537404, Tele Fax 0771-2234731

E-mail: deptt.culture@gmail.com, deptt_culture@yahoo.co.in, **Website** : www.cgculture.in

// प्रेस विज्ञप्ति //

दिनांक 10.12.2021

"छत्तीसगढ़ कलाकार पंजीयन एवं भुगतान नियम 2021"

राज्य शासन, प्रदेश के सभी कलाकार दलों के पंजीयन एवं कार्यक्रम प्रस्तुति हेतु श्रेणी(ग्रेड)/मानदेय निर्धारण एवं समान अवसर प्रदाय करने की प्रक्रिया को मानक एवं पारदर्शी बनाने तथा गांवों/ कस्बों/ ग्रामीण इलाकों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शनों से लोकप्रियता हासिल कर चुके नवोदित कलाकार जो लोक कला के प्रस्तुति एवं प्रदर्शनकारी माध्यम से संरक्षण, संवर्धन में योगदान दे रहे हैं तथा सांस्कृतिक पंचांग के अनुरूप सांस्कृतिक आयोजन में उन्हें अवसर/मंच प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राजपत्र में दिनांक 17 सितम्बर 2021 को प्रकाशित **"छत्तीसगढ़ कलाकार पंजीयन एवं भुगतान नियम 2021"** स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टयां/आवश्यक दस्तावेज आमंत्रित है।

1. प्रदेश के सभी कलाकार दलों के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।
2. वांछित जानकारी निम्नलिखित प्रारूप में उपलब्ध किया जाना अनिवार्य है:-

क्र.	वांछित जानकारी का विवरण
i	कलाकार का नाम
ii	आधार कार्ड नम्बर
iii	विधा का नाम
iv	संस्था का नाम
v	वर्तमान पता, जिला एवं मोबाइल नं.
vi	कलाकार पंजीयन क्रमांक /दिनांक
vii	चिन्हारी पोर्टल का पंजीयन क्रमांक
viii	कलाकार द्वारा चाही गई श्रेणी
ix	कलाकार के अनुभव से संबंधित अभिलेख, प्रमाण पत्र/प्रशंसा पत्र/कार्यदेश/ पेपर कतरन/फोटोग्राफ/वीडियो की छायाप्रति आदि।
x	**A+ श्रेणी हेतु** : 10 वर्षों से अधिक व विगत 05 वर्षों तक प्रतिवर्ष कम से कम 03 कार्यक्रम राज्य से बाहर किया हो तथा राज्य सम्मान से सम्मानित हो (संबंधित अभिलेखों की जानकारी एवं सूची)।
xi	**A श्रेणी हेतु** : 10 वर्षों से कम व विगत 03 वर्षों तक प्रतिवर्ष कम से कम 03 कार्यक्रम राज्य से बाहर किया हो (संबंधित अभिलेखों की जानकारी एवं सूची)।
xii	**B+ श्रेणी हेतु** : 03 वर्षों से अधिक राज्य स्तरीय कार्यक्रम से संबंधित अभिलेखों की जानकारी एवं सूची।
xiii	**B श्रेणी हेतु** : 03 वर्षों से कम गांवों/कस्बों/ग्रामीण इलाकों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संबंधित अभिलेखों की जानकारी एवं सूची।
xiv	स्वयं का 02 नग फोटो पासपोर्ट साईज (वर्तमान में)

3. प्रविष्टियां संबंधी जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgculture.in पर भी देखी जा सकती है।
4. **प्रविष्टियों की अंतिम तिथि 15 जनवरी, 2022** है तथा प्रविष्टियों के लिए लिफाफे में विषय- **"छत्तीसगढ़ कलाकार पंजीयन एवं भुगतान नियम 2021"** स्पष्ट अंकित किया जावे।
5. मार्च 2020 एक वर्ष कोरोना काल की समयावधि छूट प्रदान की जाएगी।
6. राज्य स्तरीय ग्रेडेशन समिति/विभागीय समिति का निर्णय अंतिम होगा।
7. प्रस्तुत की गई प्रविष्टियां के संबंध में कोई भी पत्रचार मान्य नहीं होगा।

संचालक

संस्कृति एवं पुरातत्व